आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर के युवाओं और अंतरराष्ट्रीय प्रवासी समुदाय के युवा प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।
- केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान 'विकसित भारत–जी राम जी विधेयक, 2025' के संबंध में जानकारी साझा की।
- क्षेत्रीय कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष ने झारखंड के विधायक बंधु तिर्की से मुलाकात कर छोटा नागपुरी आदिवासी समुदाय के सामाजिक–सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा की।
- द्वीपसमूह में एशियाई जलपक्षी गणना का कार्य 18 जनवरी तक चलेगा।

<><><><><><><>

देशभर में आज राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाएगा। महान आध्यात्मिक विभूति और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को यह दिवस मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का प्रेरणादायक जीवन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर आज नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र में शामिल होंगे। श्री मोदी देश भर के लगभग तीन हजार युवाओं और अंतरराष्ट्रीय प्रवासी समुदाय के युवा प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। चयनित प्रतिभागी प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इन प्रस्तुतियों में राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवा नेतृत्व के दृष्टिकोण और व्यावहारिक विचारों को साझा किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए निबंध संकलन का विमोचन करेंगे। इसमें भारत की विकास प्राथमिकताओं और दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण लक्ष्यों पर युवा प्रतिभागियों के चयनित निबंध शामिल हैं। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग देश के युवाओं और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देने का एक राष्ट्रीय मंच है।

<><><><><><><>

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान 'विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025' के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने इस नए विधेयक की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा की जगह लेगा।

अब प्रति ग्रामीण परिवार को वर्ष में 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। खेतों में बुआई और कटाई के दौरान 60 दिनों का 'नो–वर्क पीरियड' रखा गया है ताकि कृषि कार्यों के लिए मजदूरों की कमी न हो। विधेयक के तहत मजदूरी को बुनियादी ढांचे के निर्माण से जोड़ा गया है, जिसमें जल संरक्षण से जुड़े कार्य, सड़कें और अन्य आवश्यक निर्माण, आजीविका संबंधी बुनियादी ढांचा शामिल है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के बीच 60:40 का अनुपात रहेगा। केंद्र शासित प्रदेश में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण दिया जाएगा। भ्रष्टाचार रोकने और जवाबदेही तय करने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि सरकार 'उद्यम' और 'उद्यम श्रेष्ठ' जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण उद्यमों को मजबूत कर रही है। 'उद्यम पंजीकरण' के जरिए ग्रामीण उद्यमियों को आसानी से ऋण, सब्सिडी और कौशल सहायता मिल सकेगी।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कल कार्बाइंस कोव स्थित लोक निवास एनेक्स में द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में द्वीपसमूह में एम एस एम ई की विभिन्न पहलों की प्रगति, पहुंच और उनके प्रभाव की समीक्षा की गई। इस समीक्षा में उद्योग, कृषि, पर्यटन, जहाजरानी, पत्तन प्रबंधन बोर्ड के अधिकारियों के साथ–साथ MSME-DFO, कॉयर बोर्ड और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

सुशासन और योजनाओं के समय से कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र– प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में इसका शुभारम्भ किया था। एक दशक से भी लंबे समय के दौरान प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज हुई है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–56 के लखनऊ–सुल्तानपुर खंड को चार लेन बनाए जाने पर नजर डालेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष टीएसजी भास्कर ने द्वीपसमूह के दौरे पर आए झारखंड के पूर्व मंत्री और विधायक बंधु तिर्की से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान द्वीपसमूह में रहने वाले छोटा नागपुरी आदिवासी समुदाय के सामाजिक–सांस्कृतिक मुद्दों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान आदिवासी समुदाय के कल्याण, विकास और उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर विचारों का आदान–प्रदान किया गया।

<><><><><><>

वेटलैंड्स इंटरनेशनल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली एशियाई जलपक्षी गणना वर्तमान में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में जारी है। अंडमान एवियंस क्लब द्वारा आयोजित यह गणना डिगलीपुर से लेकर ग्रेट निकोबार तक 18 जनवरी तक चलेगी। कल ओग्राब्राज के पास आयोजित गणना में स्कूली छात्रों, शिक्षकों, पर्यटन के विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) दिनेश कन्नन ने बीज प्रसार और वन पुनर्जनन में पक्षियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी भी उपस्थित रहीं। सर्वेक्षण के दौरान पक्षियों की 40 से अधिक प्रजातियां दर्ज की गईं, जिसमें वहां की स्थानिक प्रजाति अंडमान टील की अच्छी संख्या देखी गई। डेटा को मठपतक पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। पूरे एशिया में यह सर्वेक्षण 28 फरवरी तक चलेगा।

<><><><><><>

श्री श्री हरि गुरु चंद सांस्कृतिक संघ की ओर से मतुआ उत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्री श्री हरि मंदिर में दिन–रात आयोजित होने वाला यह उत्सव कल से सोलह जनवरी तक चलेगा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।

इस बीच, पुजारी संगठन अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की ओर से मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग ने मध्योत्तर अंडमान सहायक आयुक्त कार्यालय, ग्राम पंचायत निंबुतला और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से रमन बगीचा बीच में दो दिवसीय 'बीच स्पोर्ट्स फेस्टिवल' का आयोजन किया गया। इस उत्सव में पुरुषों और महिलाओं के लिए बीच वॉलीबॉल, बीच कबड्डी और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन समारोह में मध्य अंडमान के सहायक आयुक्त विकास कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

<><><><><><>

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत कौशल विकास और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार सृजन के उद्देश्य से हाल ही में काकना सामुदायिक भवन में 'गांव–से–गांव' अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य FPO बनाने और किसानों को सामूहिक खेती, बाजार संपर्क और टिकाऊ कृषि के लाभों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर खंड विस्तार अधिकारी ने 'विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम' के तहत नारियल सुखाने के मिशन और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 के तहत मुफ्त आवासीय कौशल प्रशिक्षण की जानकारी दी। कृषि अधिकारी ने बेहतर गुणवत्ता वाले कोपरा तैयार करने और स्वयं सहायता समूहों को पेरका स्थित मल्टी–पर्पज फार्म में स्थापित 'मैकेनाइज्ड कोपरा ड्राइंग और वैक्यूम पैकेजिंग यूनिट' का संचालन संभालने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में गांव के कैप्टन, किसानों और युवाओं ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**